







नवभारत 10

इंदौर, मंगलवार, 20 जनवरी, 2026




## आचार्य विश्वरत्नसागर म.सा. के मुखारविन्द से महामांगलिक का आयोजन

**▶ गनेड़ीवाल परिवार ने लिया महामांगलिक कराने एवं नूतन जैन मंदिर भूमि प्रदाता का धर्मलाभ**

**मन्दसौर।** आचार्य नवरत्नसागर सूरिश्वरजी म.सा. के द्वारा साधित, विघ्नों का नाश करने वाली, विशिष्ठ मनोवांछित फल प्रदान करने वाली, आधि-व्याधि-उपाधि निवारक महान चमत्कारी महाप्रभावी महामांगलिक का आयोजन कल सोमवार को हर्ष विलास रिसॉर्ट के समीप स्थित कॉलोनी में किया गया। आचार्य नवरत्नसागरजी म.सा. के कृपापात्र शिष्य युवा हृदय सम्राट, जिन शासन गौरव प.पू. आचार्य विश्वरत्न सागर सूरीश्वर म.सा. के मुखारविंद से यहाँ महामांगलिक का आयोजन हुआ। महामांगलिक के सम्पूर्ण लाभार्थी रणछोड़ प्रसाद, प्रदीप कुमार, प्रद्युमन कुमार गनेडीवाल परिवार रहे। उन्होंने महामांगलिक कराने के साथ ही हर्ष विलास के सामने स्थित कॉलोनी में श्री नागेश्वर पार्श्वनाथ प्रभु के नवीन जिन मंदिर बनाने हेतु भूमि दान करने का भी धर्मलाभ प्राप्त किया। भूमि दानदाता परिवार गनेडीवाल परिवार की गरिमामय उपस्थिति में आचार्य नवरत्नसागरजी म.सा. के परम आशीर्वाद से आचार्य विश्वरत्नसागर ने श्री नागेश्वर पार्श्वनाथ प्रभु के नूतन जिनालय (तीर्थ क्षेत्र) का भूमिपूजन करवाया। विधिकारकों के द्वारा शुभ मुहूर्त में अग्रसेन नगर के समीप नयी कॉलोनी में लगभग चार हजार वर्गफीट के आकार के भूखंड पर लगभग 14 फीट ऊँचाई की श्री नागेश्वर पार्श्वनाथ की विशाल प्रतिमा स्थापना हेतु जैन मंदिर बनाने हेतु भूमिपूजन भी कराया गया। महामांगलिक एवं भूमि के दानदाता होने का धर्मलाभ गनेड़ीवाल परिवार ने प्राप्त किया। कल दोपहर 12.39 बजे विजय मुहूर्त में आचार्य विश्वरत्नसागर म.सा. के मुखारविंद से हजारों धर्मालुजनों ने महामांगलिक श्रवण की। लगभग तीन घंटे तक आयोजित हुए इस विराट धार्मिक आयोजन में मंदसौर नगर ही नहीं अपितु नीमच, प्रतापगढ़, पिपलियामंडी, दलौदा, अरनोद, सीतामऊ, सुवासरा एवं आसपास के अंचलों के हजारों जैन धर्मावलम्बी एवं गुरू नवरत्न भक्तगण शामिल हुए। महामांगलिक के अवसर पर सकल जैन समाज, श्री आराधना भवन जैन श्वेतांबर श्रीसंघ, मालवा महासंघ, नवरत्न परिवार एवं श्री नागेश्वर पार्श्वनाथ जैन श्वेतांबर ट्रस्ट मंदसौर के द्वारा लाभार्थी गनेडीवाल परिवार के रणछोड़ प्रसाद, प्रदीप गनेडीवाल का माला, साफा एवं शाल पहनाकर एवं प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मान किया गया। प्रशस्ति पत्र का वाचन सुरेन्द्र लोढ़ा (सकल जैन समाज संयोजक) ने किया। इस अवसर पर सकल जैन समाज अध्यक्ष जयकुमार बड़जात्या, महामंत्रीगण मनीष सेठी, सुनील तलेरा, आराधना भवन श्रीसंघ एवं ट्रस्ट के दिलीप रांका, महेश जैन तहलका, अमित छिंगावत, विजय बम्बोरिया, निलेश बम्बोरिया, विजय कोठारी, योगेश जैन अकाउटेंट आदि के द्वारा गनेड़ीवाल परिवार का बहुमान किया गया। महामांगलिक के अवसर पर धर्मसभा में गनेड़ीवाल परिवार द्वारा किये जा रहे पुनीत एवं सेवा कार्यों की जानकारी हेतु संक्षिप्त विडियों का भी प्रसारण किया गया। इस अवसर पर सांसद सुधीर गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि जैन समाज ने आज राय साहब की पदवी से अलंकृत गनेडीवाल परिवार को भी अपने साथ जोड़कर जो नवीन जैन मंदिर की शुरुआत की है वह अनुकरणीय एवं प्रेरणादायी बनेगी। गुप्ता ने भी इस अवसर पर गनेडीवाल परिवार की सेवा गतिविधियों की प्रशंसा की। महामांगलिक के अवसर पर राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, विधायक विपिन जैन, पूर्व विधायक सिसोदिया, नपा अध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, गौतम गनेडीवाल, वेदान्त गनेडीवाल, शिखर डुंगवाल, मनीष चौधरी, अशोक उकावत, मनोहर नाहटा, विजय सुराणा, पिंकेश चौरड़िया, नीतिन धींग, पार्षद आशीष गौड़, तरूण शर्मा, निलेश जैन, नंदलाल गुजरिया भी उपस्थित थे। महामांगलिक में त्रिलोक मोदी अहमदाबाद लाला मस्ताना झालावाड़, आदिती कोठारी इंदौर ने संगीत की प्रस्तुति भी दी।

## मंदसौर में लायंस क्लब द्वारा कैंसर जागरूकता एवं परीक्षण शिविर

**▶ 24 मरीजों का हुआ परीक्षण, जांचों में मरीजों को मिली बड़ी राहत**



**मंदसौर।** लायंस क्लब मंदसौर द्वारा चौधरी परिवार के सहयोग से स्व. श्री बद्रीनारायणजी चौधरी, स्व. श्रीमती सज्जनदेवी चौधरी एवं स्व. रामगोपाल चौधरी की स्मृति में एक दिवसीय निशुल्क कैंसर जागरूकता एवं परीक्षण शिविर का सफल आयोजन गांधी चौराहा स्थित नगर पालिका शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में किया गया। शिविर में विख्यात कैंसर सर्जन डॉ. सनी जैन (पूर्व असिस्टेंट प्रोफेसर, टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल) ने अपनी निशुल्क सेवाएं प्रदान कीं।

इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने लायंस क्लब और चौधरी परिवार की इस मानवीय पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूकता ही सबसे बड़ा बचाव है।

सीएमएचओ डॉ. गोविंद सिंह चौहान ने चिकित्सकीय दृष्टिकोण साझा करते हुए समय पर जांच के महत्व पर जोर दिया।

क्लब अध्यक्ष रत्नेश कुदार ने अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि कैंसर मुक्त समाज के संकल्प के साथ आयोजित इस शिविर का उद्देश्य समाज के हर वर्ग तक विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाएं पहुँचाना है। इस तरह के शिविर आगे भी आयोजित किये जायेंगे।

क्लब सचिव डॉ. विक्रांत भावसार ने बताया कि शिविर के दौरान बड़ी संख्या में मरीजों ने पंजीयन कराया और विशेषज्ञ परामर्श प्राप्त किया। शिविर में 24 मरीजों का परीक्षण किया गया। साथ ही 3 सोनोग्राफी की गई एवं 4 रेडिएशन किये गये। शिविर में आये मरीजों को पैथोलॉजी जांच पर 60-70 प्रतिशत, बायोप्सी पर 50 प्रतिशत तथा एमआरआई, सीटी स्कैन व एक्स-रे पर 30 प्रतिशत तक की छूट प्रदान की गई। साथ ही शिविर में चयनित मरीजों का भविष्य में ऑपरेशन, कीमोथेरेपी और रेडिएशन डॉ. सनी जैन द्वारा इंदौर में निशुल्क किया जाएगा।

इस अवसर पर चिकित्सा जगत और समाज सेवा से जुड़ी कई प्रमुख हस्तियां उपस्थित रहीं, जिनमें डॉ. प्रदीप चेलावत, प्रदीप कीमती, सुरेंद्र नाहटा, मुकेश माहेश्वरी, डॉ. देवेंद्र पुराणिक, जगदीश चौधरी प्रवीण राठौर, डॉ. सुरेश जैन, राजेंद्र पामेचा, सुभाष बग्गा, डॉ. मजहर हुसैन, मनोहर सोनगरा, हस्तीमल जैन, जितेंद्र मित्तल, नेमकुमार गांधी, डॉ. गोविंद छापरवाल, विजय सुराणा, सुनील बाफना, डॉ. के.सी. श्रीमाल, अनिल धाकड़, जयंत चौधरी, अंकित कीमती, आशीष सिंह मंडलोई, सुरेंद्र फरक्या, डॉ. अशोक सोलंकी, गौरव रत्नावत, सौरभ बड़जात्या, सिद्धार्थ पोरवाल, निलेश जैन, अंकुश सोनगरा, उत्तम जैन, सीमा जैन, ज्योति भाचावत एवं विनिता कीमती उपस्थित रहे। संचालन नेमकुमार गांधी ने किया। कार्यक्रम के अंत में चौधरी ट्रेक्टर्स परिवार सहित सभी का आभार लायंस क्लब के सचिव डॉ. विक्रांत भावसार ने व्यक्त किया।



## पेंशनर महासंघ की क्षेत्रीय इकाईयों की बैठक गरोठ में संपन्न

**मन्दसौर।** सेवानिवृत्त एवं पेंशनर नागरिक महासंघ की क्षैत्रीय ईकाई गरोठ, शामगढ़, खड़ावदा, भानपुरा व गांधीसागर की संयुक्त बैठक गरोठ मे अमरवास बालाजी मन्दिर पर गरोठ ईकाई अध्यक्ष श्री घनश्याम मिश्रा की अध्यक्षता मे आयोजित की गई। बैठक का प्रारम्भ बालाजी की पूजा अर्चना कर किया गया।

बैठक में अजीजुल्ला खान, डी पी मिश्रा व चन्द्रकान्त शर्मा ने अपने विचार व्यक्त किए। संगठन द्वारा प्रतिवर्ष वरिष्ठ सदस्यों का सम्मान किया जाता हैं। गरोठ व आसपास के क्षैत्र के जिन बन्धुओं का 2 अक्टूबर को सम्मान नहीं हो पाया था ऐसे 13 बन्धुओं का सम्मान भी किया गया। बैठक में जिला कोषाध्यक्ष कोमल वाणवार, सदस्य विष्णुलाल भदानिया, अजीजुल्ला खान, भोलाभारती सोनी, दशरथ शर्मा, गरोठ से रमेशचन्द्र चौधरी, भेरूलाल भूत, गोविन्दप्रसाद पाण्डे, मधुसूदन, अनिल व्यास, दिवाकर उपाध्याय, कमलाशंकर मिश्रा शामगढ़ से माणकलाल चौधरी, भंवरलाल फरक्या, रामलाल सूर्यवंशी, बाबुलाल परसाई व अन्य सदस्य उपस्थित रहे। आभार गोविन्दप्रसाद पाण्डे ने माना।

## दौरवाड़ा में ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान के तहत ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

**▶ रंगोली के माध्यम से दी विकास की सीख**



**मंदसौर।** मल्हारगढ सेंक्टर मुदड़ी के ग्राम दौरवाड़ा में 'ग्रामोदय से अभ्युदय' अभियान के अंतर्गत विकास खंड स्तरीय कार्यक्रम गरिमापूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला समन्वयक तृप्ति बैरागी, ब्लॉक समन्वयक विनोद गोर, सामाजिक कार्यकर्ता, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष विरेंद्र सिंह चौहान, दशरथ सिंह, लाल सिंह, सरपंच महेंद्र सिंह, नाथू सिंह, नरेंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह, विक्रम सिंह, शैलन सिंह,, नवांकुर संस्था सचिव राधिका तिवारी गोपाल तिवारी थे। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में युवाओं को ग्रामीण विकास की मुख्यधारा से जोड़ने पर जोर दिया गया। सरस्वती पूजन से शुभारंभ कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की जिला समन्वयक श्रीमती तृप्ति वैरागी द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ की गई। पीआरए और रंगोली प्रतियोगिता का आकर्षण कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता का परिचय देते हुए आदर्श ग्राम का पीआरए (सहभागी ग्रामीण मूल्यांकन) तैयार किया, जिसमें गांव के मानचित्र और संसाधनों का सजीव चित्रण किया गया। इसके साथ ही कृषि एवं गौ सेवार्थ पर जागरूकता आयोजन किया गया। छात्रों ने रंगों के माध्यम से सामाजिक संदेश और ग्रामीण परिवेश को उकेरा। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली विजेता छात्राओं को जिला समन्वयक श्रीमती बैरागी द्वारा पुरस्कार वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। सामूहिक सहभागिता और उपस्थिति कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों और अतिथियों का एक ग्रुप फोटो लिया गया, जो एकता और सेवा भाव का प्रतीक बना। इस अवसर पर जन अभियान परिषद और नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।




## खेलो एमपी यूथ गेम्स 2025-26 में जिला जूडो प्रतियोगिता का सफल आयोजन

**मंदसौर।** खेलो एमपी यूथ गेम्स अंतर्गत खेल युवक कल्याण विभाग, म. प्र. शासन के तत्वावधान में जिला जूडो प्रतियोगिता का आयोजन जूडो-कराते खेल भवन, शुक्ला कॉलोनी, मंदसौर में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न बालक एवं बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया।

आयोजन के अवसर पर मंदसौर जिला जूडो-कराते के मुख्य कोच एवं सचिव भंवरसिंह राणा, महिला चीफ कोच आकांक्षा राणावत, कोच अनिल सोलंकी, आशुतोष मेहमावत, सुनील भाटी, एना भावसार, शुभदासिंह, सुमित्रा प्रजापत, प्रखर दुबे, पीटीआई गोविंद कुमावत, प्रीतेश शर्मा सहित अन्य खेलप्रेमी मौजूद थे। ऑफिशल में श्रीमती आकांक्षा राणावत, अनिल सोलंकी व रेफरशिप आशुतोष मेहमावत ने की। प्रतियोगिता खेल युवा कल्याण अधिकारी विजेंद्र देवड़ा के मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन में आयोजित की गई। प्रतियोगिता के उपरांत सभी खिलाड़ियों के लिए उत्कृष्ट विद्यालय में भोजन अल्पाहार की व्यवस्था की गई थी।

## जिला स्तरीय खेलों एम पी यूथ गेम्स का आयोजन



**मन्दसौर।** 'खेल और युवा कल्याण विभाग, मन्दसौर द्वारा जिला स्तरीय खेलों एम पी यूथ गेम्स का आयोजन उत्कृष्ट विधालय खेल मैदान, नूतन स्टेडियम, महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल खेल मैदान, जुडो भवन मन्दसौर, श्री अटल बिहारी वाजपेयी खेल मैदान दलोदा और मॉडल स्कूल, भानपुरा में 21 खेलों में यह आयोजन हुआ।

जानकारी देते हुए जिला खेल अधिकारी विजेंद्र देवड़ा ने बताया प्रतियोगिता का शुभारम्भ 18 जनवरी को सुबह उत्कृष्ट विधालय खेल मैदान पर मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रामदेवी बंशीलाल गुर्जर, पूर्व विधायक सिसोदिया, दक्षिण मण्डल अध्यक्ष विनोद डगवार, अमन फरक्या, धर्मेंद्र जटिया के मुख्य आतिथ्य में हुआ, जिसमें सभी विकासखण्ड से 21 खेलों एथलेटिक्स, खो-खो, कबड्डी, फुटबॉल, बास्केटबॉल, हॉकी, कुश्ती, वेटलिफ्टिंग, रस्साकसी, पिट्ठू, क्रिकेट, योगा, टेबल टेनिस, लॉन टेनिस, मलखम्भ, थ्रो बॉल, शतरंज, स्विमिंग, बैडमिंटन, बॉक्सिंग और जुडो खेलों में लगभग 1230 खिलाड़ियों ने पुरे दिन खेल मैदानों पर जीत के लिए ठण्ड की खिलती धूप में पसीना बहाया।

सभी खेलों के विजेता खिलाड़ियों को देर शांम हुए समापन समारोह के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश बेसबॉल संघ के उपाध्यक्ष और जिला अध्यक्ष हिम्मत डांगी, कुश्ती संघ जिला अध्यक्ष विनय दुबेला, जिला मलखम्भ संघ अध्यक्ष अरविन्द सारस्वत, बेसबॉल संघ संरक्षक प्रितेश चावला, मिक्समार्शल आर्ट अध्यक्ष अनिल कियावत, सांसद प्रतिनिधि बंशी राठौर के मुख्य आतिथ्य में हुआ समापन अवसर पर सभी विजेता खिलाड़ियों को मैडल पहना कर और प्रतियोगिता को सफलता पूर्वक आयोजित करने वाले सभी खेल संघो के पदाधिकारियों, खेल प्रशिक्षकों, सीनियर खिलाड़ियों को विभाग की टीशर्ट प्रदान कर सम्मानित किया गया, आयोजन का सफलता पूर्वक संचालक जिला एथलेटिक्स कोच मुकेश भटेवरा ने किया और आभार उत्कृष्ट विधालय के वरिष्ठ खेल शिक्षक महेंद्र शुक्ला और श्रीमती अनुया कुलकर्णी खेल विभाग, मन्दसौर ने माना, प्रतियोगिता में पांचो विकासखण्डों के खिलाड़ियों ने जिला एथलेटिक कोच मुकेश भटेवरा, बास्केटबॉल कोच रुबीना खान, युवा समन्वयक मयूर सिंह राठौर, श्री गोपाल धनगर, श्रीमती प्रियंका प्रजापत के नेतृत्व में सफलता पूर्वक भाग लिया, सभी 21 खेलों से श्रेष्ठ खिलाड़ियों और टीम का चयन किया गया हैं जिन्हे आगामी संभाग और राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए भेजा जाएगा।



## गणतंत्र दिवस परेड 2026 की साक्षी बनेगी मंदसौर की विधि छात्रा ज्योति सोनी

**मंदसौर।** श्री जवाहर लाल नेहरू विधि महाविद्यालय, मंदसौर की विधि एल. एल. बी. द्वितीय वर्ष की छात्रा एवं रासेयो स्वयंसेविका ज्योति सोनी रासेयो प्रोग्राम ऑफीसर डॉ राजेश कौशिक के मार्गदर्शन में, भारत सरकार के ख्वक्द्धडुहल्डुह पोर्टल के माध्यम से चयनित होकर 26 जनवरी 2026 को नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित गणतंत्र दिवस परेड की साक्षी बनेंगी।

ज्योति सोनी का चयन देशभर से चयनित शीर्ष 200 प्रतिभागियों की सूची में हुआ है, जिन्हें भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय द्वारा ई-निमंत्रण प्रदान किया जाएगा। यह ऐतिहासिक परेड भारत के राष्ट्रपति की अध्यक्षता एवं प्रधानमंत्री सहित अन्य विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न होगी। इस उपलब्धि को लेकर महाविद्यालय परिवार एवं जिले में हर्ष का वातावरण है। प्राचार्य विनोद पाटीदार एवं प्राध्यापकगणों ने ज्योति सोनी को बधाई देते हुए इसे महाविद्यालय और मंदसौर जिले के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया है। गर्व का विषय है कि पूरे विश्वविद्याल में केवल एक मात्र का चयन हुआ, ज्योति सोनी ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों तथा निरंतर परिश्रम को दिया।



## निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 200 मरीजों ने लिया लाभ

**सीतामऊ। पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, भीलों का बेदला (उदयपुर) के तत्वावधान में दाऊदी बोहरा समाज सीतामऊ द्वारा रविवार, 18 जनवरी को दाऊदी बोहरा स्पोर्ट्स ग्राउंड, ओखा बाबजी मंदिर तालाब के सामने, सीतामऊ में एक दिवसीय सर्वरोग निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।**

स्वास्थ्य शिविर का आयोजन सुबह 11 बजे से शाम 3 बजे तक किया गया, जिसमें क्षेत्र के 200 मरीजों ने स्वास्थ्य परीक्षण, दवाइयों एवं चिकित्सकीय परामर्श का लाभ लिया। शिविर के दौरान विभिन्न गंभीर बीमारियों से ग्रसित 20 मरीजों का निशुल्क उपचार हेतु चयन भी किया गया। शिविर में पेसिफिक मेडिकल कॉलेज उदयपुर के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा सेवाएं प्रदान की गईं, जिनमें डॉ. मधुसूदन मेहता, डॉ. जयराम बिश्नोई एवं डॉ. डेनियल सिरुघगर शामिल रहे। शिविर प्रभारी राकेश पंवार के नेतृत्व में मार्केटिंग टीम मदन धमानिया सहित अन्य सदस्यों ने व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संभाला।

शिविर की सफल व्यवस्था में शेख मुर्तजा, सईद शेख सब्बीर, कालेखान, मुल्ला मुर्तजा, कालेखान शब्बर भाई शाहब, बाबू भाई बोहरा एवं अब्देली भाई रामपुरा सहित समाजजनों ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

इस अवसर पर दाऊदी बोहरा समाज की ओर से उदयपुर से आए चिकित्सकों एवं सहयोगी दल का पार्षद प्रतिनिधि मुकेश चौरड़िया एवं आनंद साख सहकारी संस्था के अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण मांदलिया की उपस्थिति में सम्मान कर आभार व्यक्त किया गया।

**एक नजर** ▶ **संकल्प से समाधान अभियान में अब तक 2540 आवेदन प्राप्त, 1238 का मौके पर निराकरण**

## शिक्षा विभाग 8 मार्च से पहले सभी स्कूलों में महिलाओं के लिए शौचालय बनवाएं : कलेक्टर



**मंदसौर।** कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग की अध्यक्षता में साप्ताहिक अंतर विभागीय समीक्षा बैठक सुशासन भवन स्थित सभागृह में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि 8 मार्च से पहले ऐसे सभी विद्यालयों में, जहां महिलाओं के लिए शौचालय उपलब्ध नहीं हैं, वहां शौचालय का निर्माण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही इस संबंध में प्रगति रिपोर्ट 8 मार्च से पूर्व प्रस्तुत की जाए। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल, जिला पंचायत सीईओ अनुकूल जैन सहित संबंधित विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में संकल्प से समाधान अभियान की समीक्षा की गई। अभियान के अंतर्गत जिले में अब तक 2540 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 1238 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया जा चुका है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी प्राप्त आवेदनों की प्रॉपर एंट्री सुनिश्चित की जाए तथा इसके लिए घर-घर सर्वे किया जाए, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति शासन की योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। सभी एसडीएम को इस संबंध में सीएमओ, सीईओ के साथ बैठक कर पंचायत स्तर पर नियमित समीक्षा आयोजित करने तथा आवेदनों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग को निर्देशित किया कि 26 जनवरी से पहले शेड्यूल तैयार कर ग्राम पंचायतों में पेयजल संबंधी कार्यों को शीघ्र हैंडओवर किया जाए। भूमि आवंटन से जुड़े किसी भी प्रकरण को लंबित न रखने के निर्देश भी दिए गए। इसके अलावा शिक्षा विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग को स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में पेयजल स्रोतों की सफाई से संबंधित रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने सभी विभागों को शिकायतों का त्वरित एवं संतोषजनक समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शिकायतों के निराकरण हेतु शिविर आयोजित करने, अधिकारियों के फील्ड में रहकर मौके पर समाधान कराने तथा प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि शिकायतों के निराकरण में लापरवाही बरतने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।